दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करेगी। प्रत्येक परिवार की एक महिला को स्वरोजगार के लिए मिलेंगे दस हजार रूपये।

02. बिहार में जारी एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब केवल तीन दिन। दो लाख ग्यारह हजार से अधिक मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दर्ज करवाई दावा–आपत्ति।

03. देश के सकल घरेलू उत्पाद में वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि। यह पिछली पाँच तिमाहियों में सबसे अधिक।

04. और, बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत, मलेशिया, जापान, और दक्षिण कोरिया ने जीत के साथ अपने सफर की शुरूआत की।

———————————————————————————

राज्य सरकार महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि योजना का लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत प्रथम किस्त के रूप में दस हजार रूपये की राशि दी जायेगी। छह महीने के बाद उनके रोजगार का आकलन करते हुये दो लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता आवश्यकता अनुसार दी जायेगी।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस योजना के लागू होने से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उन्हें राज्य के भीतर रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य से पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों की बिक्री के लिए हाट बाजार विकसित किये जायेंगे। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस योजना से बिहार में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब केवल तीन दिन बचे हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक दो लाख ग्यारह हजार छह सौ पचास मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों की ओर से एक सौ सत्रह दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है। इसमें सबसे अधिक एक सौ आठ दावा–आपत्ति भाकपा–माले की ओर से जबकि नौ दावा–आपत्ति राजद की ओर से की गयी है। दस मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से किसी प्रकार की दावा–आपत्ति नहीं की गयी है। वहीं, मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ग्यारह लाख छत्तीस हजार पांच सौ पैंसठ नये आवेदन प्राप्त हुये हैं।

———————————————————————

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक सितम्बर को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कल इस मामले की सुनवाई करते हुये एक सितम्बर को अगली तारीख तय की।

———————————————————————

देश का सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी वर्तमान चालू वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाहियों में सबसे अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी। आर्थिक विशेषज्ञ शिशिर सिन्हा ने आकाशवाणी को बताया कि कई क्षेत्रों में विकास के कारण जीडीपी में बढोतरी का अनुमान है।

———बाईट———

इसमें दो बातें महत्वपूर्ण है। पहला तो यह है की मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का जो परफॉर्मेंस है, वो काफी अच्छा रहा, सेवा क्षेत्र का परफॉर्मेंस अच्छा रहा है, दूसरी तरफ अगर हम देखें तो जो कंजम्पशन है वह भी काफी अच्छा रहा है, लगभग आप समझ लीजिए 7ः और 10ः के करीब में है। अमरीका का जो सीमा शुल्क का मसला है उसका क्या असर पड़ेगा, तो उम्मीद यह जताई जा रही है कि यह विवाद लंबा नहीं चलेगा। अगर लम्बा नहीं चलता है तो इस साल जो विकास दर 6.3 से 6.8ः के बीच जो आर्थिक सर्वेक्षण में रखा गया था उसी रेंज में विकास होने का अनुमान है।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार बत्तीस अनुमंडलों में मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना करेगी। उन्होंने बताया कि ये

प्रयोगशाला पच्चीस जिलों में खोले जायेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि नये प्रयोगशालों की स्थापना होने से किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने में मदद मिलेगी।

—————————————————————

पथ निर्माण विभाग ने राज्य योजना मद से सात जिलों में एक सौ बीस करोड़ रूपये की लागत से आठ सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है। विभागीय मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इनमें पूर्वी चम्पारण, दरभंगा, मधुबनी, लखीसराय, भागलपुर, पूर्णियां और वैशाली जिले की विभिन्न योजनाएं शामिल हैं।

—————————————————————

राज्य की सभी आशा कर्मियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं—सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनेगा। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को दिशा—निर्देश जारी कर दिया है। विभाग ने इन कर्मियों के लिए आयुष्मान कार्ड की पात्रता में भी छूट दी है।

—————————————————————

बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत, मलेशिया, जापान, और दक्षिण कोरिया ने जीत के साथ अपने सफर की शुरूआत की है। कल राजगीर खेल परिसर में खेले गये मैच में भारतीय टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में चीन को चार—तीन से पराजित किया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

———रिपोर्ट———

इधर, आज बांग्लादेश और चीनी ताईपे तथा दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बीच मैच होगा। कल भारत का सामना जापान से होगा जबकि सोमवार को भारत अपना अंतिम पूल मैच कजाखस्तान से साथ खेलेगा।

—————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, पूर्णियां और किशनगंज समेत राज्य के उत्तर—पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और भागलपुर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के उत्तर, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्वी हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

—————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने ग्रामीण कार्य विभाग के मोकामा अवर प्रमंडल में तैनात सहायक अभियंता नागेन्द्र कुमार के पटना और गयाजी स्थित तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। आय से अधिक सम्पत्ति में मामले में यह कार्रवाई की गयी है। सहायक अभियंता पर आय से लगभग एक सौ छब्बीस गुना अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है।

———————————————————————

शिवहर जिले के श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में एक व्यक्ति की पीट–पीट कर हत्या के मामले में जिले की एक अदालत ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास और दस–दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, मुजफ्फरपुर की एक अदालत ने पिता की हत्या के दोषी मोहम्मद कुरैश को आजीवन कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दूसरी तरफ, मधुबनी की एक अदालत ने दूसरे के बदले परीक्षा देने के आरोप में दोषी रमेश यादव को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

———————————————————————

पटना जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के कनौजी–कछुआरा के पास पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पौने तीन करोड़ रूपये मूल्य की अफीम और डोडा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जमुई जिले के नगर थाना क्षेत्र के चंदवारा में पुलिस ने तीन तस्करों को चार क्विंटल गांजा और पचास लाख रूपये के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के बिहटा स्थित पतसा पावर ग्रिड के पास जुए के एक अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढ़ाई लाख रूपये से अधिक बरामद किये गये।

———————————————————————

नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के पनहर पेट्रोल पम्प के पास एक मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में पलट गयी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये।

———————————————————————

गयाजी जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने तीन वर्षों से फरार चल रही एक महिला नक्सली लालो देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

लखीसराय जिले के पुरातात्विक स्थल लाली पहाड़ी पर संरक्षण कार्य के दौरान एक प्राचीन काले पत्थर की प्रतिमा मिली है। पुरातत्वविदों के अनुसार यह प्रतिमा गंधर्व की है जो त्रिभंग मुद्रा में हैं।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले और पुरूष एशिया कप हॉकी से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत होगी। हर परिवार से एक महिला को रोजगार के लिए दस हजार रूपये मिलेंगे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– नीतीश का मास्टर स्ट्रोक, महिलाओं को रोजगार के लिए दो लाख की सहायता।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– हीरो एशिया कप में भारत का विजय अभियान, हरमनप्रीत की हैट्रिक, भारत ने चीन को चार–तीन से हराया।

प्रभात खबर लिखता है– पटना सिविल कोर्ट में चार बम होने की ई–मेल से धमकी, मचा हड़कंप। राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जापान दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– भारत–चीन का साथ दुनिया में आर्थिक स्थिरता के लिए अहम। आज अखबार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हवाले से लिखा है– वोट की चोरी संविधान पर आक्रमण।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करेगी। प्रत्येक परिवार की एक महिला को स्वरोजगार के लिए मिलेंगे दस हजार रूपये।

02. बिहार में जारी एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब केवल तीन दिन। दो लाख ग्यारह हजार से अधिक मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दर्ज करवाई दावा–आपत्ति।

03. देश के सकल घरेलू उत्पाद में वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि। यह पिछली पाँच तिमाहियों में सबसे अधिक।

04. और, बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत, मलेशिया, जापान, और दक्षिण कोरिया ने जीत के साथ अपने सफर की शुरूआत की।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।